अब संपूर्ण भारत में पहुंचा मानसून

- बारिश की रफ्तार पर टायफून 'बावी' का असर
- दिल्ली से पहाड़ों तक बारिश का छाया कहर

नई दिल्ली, 10 जुलाई. देशभर में मानसून सक्रिय है और गुरुवार को इसने पूरे भारत को कवर कर लिया. मौसम विभाग ने कहा सामान्य तौर पर मानसून को पूरे देश तक पहुंचने में करीब 38 दिन लगते हैं, लेकिन इस बार यह 36 दिन में ही पूरे देश में फैल गया. शनिवार को कई राज्यों में आईएमडी द्वारा भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है.

हालांकि, अब मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में इसकी रफ्तार धीमी पड़ने की संभावना जताई है. मौसम विभाग की सैटेलाइट तस्वीरों के अनुसार मध्य भारत में मानसून ज्यादा सक्रिय नजर आ रहा है. मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों तक बादलों का प्रभाव बना हुआ है. दूसरी ओर गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और देश के पश्चिमी हिस्सों में बादलों की गतिविधि कम दिखाई दे रही है. इन क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों में बारिश की संभावना कम रहने का अनुमान है. मानसून के लिए एक और चुनौती प्रशांत महासागर में बना सुपर टायफून 'बावी' है.

बारिश से 10 लोगों की मौत

उत्तरकाशी में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर लैंडस्लाइड से करीब 100 मीटर सड़क बह गई, जिसके बाद फंसे यात्रियों को बचाया गया .पिथौरागढ़ में चट्टानें गिरने से मार्ग बंद हुआ, जबकि हरिद्वार में कई इलाकों में तीन से चार फीट तक पानी भर गया. बारिश से जुड़े हादसों में 10 लोगों की मौत हुई. बुलंदशहर में दीवार गिरने से दो लोगों की जान गई, जबकि हरदोई में दो बहनें नदी के तेज बहाव में बह गईं. बिहार के गोपालगंज में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई. राजस्थान के धौलपुर में बारिश के कारण मकान ढह गया, जिसमें छह लोग मलबे में दब गए. राज्य में कई ट्रेनें प्रभावित हुईं और छह ट्रेनें रद्द की गईं.

उत्तर प्रदेश में हुई प्रशासनिक सर्जरी

20 भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों के हुए तबादले

लखनऊ, 10 जुलाई. उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार देर रात भारतीय प्रशासनिक सेवा के 20 अधिकारियों का तबादला कर दिया. सरकार ने चिकित्सा शिक्षा, निबंधन, संस्कृति, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास, राजस्व और ग्रामीण विकास समेत कई अहम विभागों में नई तैनातियां की हैं.

इसके साथ ही कई जिलों के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) भी बदले गए हैं। आदेश के अनुसार, राजस्व विभाग की सचिव सुधा वर्मा को श्रमायुक्त बनाया गया है. मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केरजीवाल को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग का विशेष सचिव नियुक्त किया गया है. गौतमबुद्ध नगर एवं गाजियाबाद द्वितीय में अपर आयुक्त राज्यकर संदीप भागिया को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम का नया प्रबंध निदेशक बनाया गया है.

मथुरा-वृंदावन के नगर आयुक्त जग प्रवेश को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का विशेष सचिव नियुक्त किया गया है. प्रतीक्षारत चल रहे मनिकन्दन ए को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद भेजा गया है.चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग की संयुक्त प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना वर्मा को उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है.

सरकार ने संस्कृति विभाग में भी बदलाव किया है. सूचना निदेशक विशाल सिंह से विशेष सचिव संस्कृति और निदेशक संस्कृति का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया गया है. वहीं, विशेष सचिव संस्कृति संजय कुमार सिंह प्रथम से विशेष सचिव का दायित्व हटाकर उन्हें निदेशक संस्कृति का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. जिलों में हुए फेरबदल के तहत आजमगढ़ के सीडीओ परीक्षित खटाना को अपर आयुक्त राज्यकर, गौतमबुद्ध नगर भेजा गया है, जबकि लखनऊ मंडल के अपर आयुक्त राकेश कुमार पटेल को आजमगढ़ का नया सीडीओ बनाया गया है. बलिया के सीडीओ ओजस्वी राज को मथुरा-वृंदावन का नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है. गोंडा में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) आलोक कुमार को बलिया का सीडीओ बनाया गया है।

मेथेनॉल से चलेंगे भारी वाहन : गडकरी

नई दिल्ली 10 जुलाई. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि मेथेनॉल भविष्य में डीजल के विकल्प के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है.

उनके अनुसार, लगभग 20 से 22 रुपये प्रति लीटर लागत वाला यह वैकल्पिक ईंधन ट्रक, बस, ट्रैक्टर, जहाज और अन्य भारी मशीनों में उपयोग के लिए संभावनाएं रखता है. सरकार का उद्देश्य पेट्रोलियम ईंधन पर निर्भरता कम करना और वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देना है। एक साक्षात्कार में गडकरी ने बताया कि असम पेट्रो-केमिकल्स प्रतिदिन लगभग 700 टन मेथेनॉल का उत्पादन कर रही है. उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में

वैकल्पिक ईंधन पर सरकार की पहल

मेथेनॉल फ्यूल पर चल सकते हैं बस-ट्रक

इसका बड़े पैमाने पर उपयोग शुरू होता है, तो परिवहन क्षेत्र की ईंधन लागत में उल्लेखनीय कमी आ सकती है. खासतौर पर वाणिज्यिक वाहनों के परिचालन खर्च पर इसका असर पड़ सकता है। गडकरी ने यह भी बताया कि मेथेनॉल के उपयोग का परीक्षण पहले ही किया जा चुका है। कर्नाटक में 15 प्रतिशत मेथेनॉल और डीजल के मिश्रण के साथ बसों का लगभग तीन महीने तक परीक्षण किया गया, जिसमें किसी बड़ी तकनीकी समस्या की जानकारी नहीं मिली.

सरकार के अनुसार, मेथेनॉल का उपयोग केवल बसों और ट्रकों तक सीमित नहीं रहेगा। भविष्य में इसे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली मशीनों, औद्योगिक उपकरणों तथा नदी और समुद्री जहाजों में भी उपयोग करने की संभावनाओं पर काम किया जा रहा है. नितिन गडकरी ने मेथेनॉल के अलावा इथेनॉल से बनने वाले आइसो-ब्यूटानॉल का भी उल्लेख किया.

ऑस्ट्रेलिया से तमिलनाडु लौटीं भारत की प्राचीन धरोहरें

- उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने जताई खुशी

नई दिल्ली, 10 जुलाई. उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने तमिलनाडु की अमूल्य प्राचीन धरोहरों की ऑस्ट्रेलिया से वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उसके वास्तविक स्थान पर लौटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है.

राधाकृष्णन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तमिलनाडु के ऐतिहासिक मंदिरों से संबंधित 11वीं और 12वीं शताब्दी की इन

बहुमूल्य पुरावस्तुओं में देवी भद्रकाली का कांस्य त्रिशूल, नंदी की ग्रेनाइट प्रतिमा तथा षण्मुख कार्तिकेय की बेसाल्ट शिला प्रतिमा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन धरोहरों की वापसी भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पुनर्स्थापन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अब तक 600 से अधिक प्राचीन कलाकृतियां भारत लौट चुकी हैं.

अभिनेता राजपाल यादव को तीन माह की जेल

नई दिल्ली. दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कई चेक बाउंस मामलों में अभिनेता राजपाल यादव की दोषी ठहराये जाने को बरकरार रखते हुए उन्हें सात मामलों में से प्रत्येक में तीन महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई. ये सभी सजाएं साथ चलेंगी. न्यायाधीश स्वर्ण कांत शर्मा ने मामले की सुनवाई के बाद यह निर्देश दिया. यादव को प्रत्येक मामले में एक करोड़ पांच लाख का मुआवजा देने का भी आदेश दिया, जिसमें से एक करोड़ चार लाख 75 हजार रुपये शिकायतकर्ता को और 25 हजार रुपये राज्य को दिए जाने हैं. उच्च न्यायालय ने राजपाल की पत्नी राधा को भी प्रत्येक मामले में शिकायतकर्ता को 5.51 लाख का भुगतान करने का निर्देश दिया.

ट्रायल पूरा नहीं तो जमानत का विरोध क्यों : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को लगाई फटकार

45 में से केवल दो गवाहों की ही हुई गवाही

नई दिल्ली, 10 जुलाई. उच्चतम न्यायालय ने आपराधिक मामलों की सुनवाई समय पर पूरी करने में विफल रहने और इसके बावजूद जमानत याचिकाओं का विरोध करने पर पंजाब और महाराष्ट्र की सरकारों की शुक्रवार को फटकार लगायी.

न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायाधीश शील नागू की पीठ ने मुकदमे के निपटने में अत्यधिक देरी के बावजूद जमानत का विरोध करने के लिए महाराष्ट्र सरकार की खिंचाई की. न्यायाधीशों ने कहा कि आरोपी चार वर्ष से अधिक समय से हिरासत में है, जबकि आरोप पत्र में दर्ज 45 गवाहों में से अब तक केवल दो गवाहों से ही पूछताछ की जा सकी है.

एक नजर में

डेढ़ वर्षीय मासूम की हत्या के मामले में 40 दिन में फांसी की सजा

फिरोजाबाद. उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में डेढ़ वर्षीय मासूम की निर्मम हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. बच्चू सारंग ने शुक्रवार को दोषी जितेंद्र पाठक उर्फ विराज को फांसी की सजा सुनाई. घटना के मात्र 40 दिन के भीतर अदालत का फैसला आने को पुलिस और अभियोजन पक्ष की त्वरित कार्रवाई का परिणाम माना जा रहा है। सजा सुनते ही दोषी न्यायालय में फूट-फूटकर रोने लगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार 30 मई को शिकोहाबाद की यादव कॉलोनी में डेढ़ वर्षीय आरव की हत्या कर दी गई थी. आरोपी जितेंद्र पाठक ने बच्चे को टॉफी दिलाने के बहाने घर से बाहर ले जाकर जमीन पर पटक-पटककर उसकी नृशंस हत्या कर दी थी. घटना को मोहल्ले के लोगों ने देखा था और सीसीटीवी फुटेज में भी पूरी वारदात कैद हो गई थी.

एंडी बर्नहैम का ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनना तय

लंदन, 10 जुलाई. लेबर पार्टी के सांसदों से मिले ऐतिहासिक समर्थन के बाद ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व मेयर और नवनिर्वाचित सांसद एंडी बर्नहैम का ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री बनना लगभग तय हो गया है.

रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी नेतृत्व के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही कुल 403 सांसदों में से 322 ने श्री बर्नहैम को अपना समर्थन दे दिया है. संसदीय नियमों के अनुसार, श्री बर्नहैम को केवल एक और सांसद के समर्थन की आवश्यकता है, जिसके बाद वह 323 के जादुई आंकड़े पर पहुंच जाएंगे। इस आंकड़े को छूते ही किसी भी अन्य प्रतिद्वंद्वी के लिए मैदान में उतरना गणितीय रूप से असंभव हो जाएगा, क्योंकि उम्मीदवार बनने के लिए आवश्यक न्यूनतम 81 सांसदों का समर्थन जुटाना किसी के लिए संभव नहीं रहेगा. श्री बर्नहैम के

सभी प्रमुख संभावित प्रतिद्वंद्वी पहले ही इस दौड़ से पीछे हट चुके हैं। यह राजनीतिक घटनाक्रम तब शुरू हुआ जब लेबर पार्टी को मई में हुए स्थानीय चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा। इससे निवर्तमान प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर पर पद छोड़ने का भारी दबाव बन गया था. इसी बीच किंग ऑफ द नॉर्थ के नाम से मशहूर श्री बर्नहैम ने जून में मेकरफील्ड उपचुनाव में शानदार जीत दर्ज कर संसद में वापसी की.

आज का इतिहास

1346 - लक्जमबर्ग के चार्ल्स चतुर्थ पवित्र रोमन बने साम्राज्य के सम्राट.

1889 - सोवा बाजार क्लब किसी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पहला भारतीय दल बना.

1902 - भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ एवं प्रथम रक्षामंत्री सरदार बलदेव सिंह का जन्म.

1921 - मंगोलिया को चीन से आजादी मिली.

1922- हॉलीवुड बाउल की शुरुआत.

1930 - ब्रेडमैन ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन में 309 रन बनाए.

1948- येरूशलम पर हुआ पहला हवाई हमला.

1956- अंग्रेजी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार अमिताभ घोष का हुआ जन्म.

ट्रंप की सुरक्षा को लेकर चर्चाएं हुईं तेज

- इजरायल ने अमेरिका को दी खुफिया जानकारी

वॉशिंगटन 10 जुलाई. इजरायल ने अमेरिका को ऐसी खुफिया जानकारी साझा की है जिसमें ईरान द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को निशाना बनाए जाने की एक नई साजिश की आशंका जताई गई है.

हालांकि, इस संबंध में अमेरिका, इजरायल या ईरान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि जारी नहीं की गई है. रिपोर्टों के अनुसार, यह इनपुट ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ा हुआ है. इजरायल ने अमेरिका को एक विशेष संभावित खतरे के बारे में

सतर्क किया है. बताया गया है कि अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही ट्रंप से जुड़े संभावित सुरक्षा खतरों पर नजर रख रही थीं और नए इनपुट के बाद सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है.रिपोर्टों में यह भी उल्लेख किया गया है कि डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान कहा था कि वह स्वयं को ईरान के निशाने पर मानते हैं.इसके बाद ईरान की ओर से कई बार बदले की बात कही गई थी. रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि ईरान की ओर से समय-समय पर ट्रंप को लेकर धमकी भरे संदेश और प्रचार सामग्री सामने आती रही है.

ईरान और ट्रंप के बीच तनाव की पृष्ठभूमि जनवरी 2020 की उस घटना से जुड़ी मानी जाती है, जब ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के वरिष्ठ कमांडर कासिम सुलेमानी की ड्रोन हमले में मौत हुई थी.

सीएम डैशबोर्ड में बागपत को मिली प्रथम रैंक

बागपत. उत्तर प्रदेश में बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में बागपत ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त की है. जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने इस सफलता पर जनपद के समस्त अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयास, समर्पण और बेहतर समन्वय का परिणाम है. उन्होंने कहा कि टीमवर्क के रूप में ही सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होते हैं. योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध कार्यवाही, नियमित समीक्षा तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के कारण बागपत को यह गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है.

राहुल गांधी 17 जुलाई को देहरादून में छात्रों की आवाज करेंगे बुलंद

नई दिल्ली. कांग्रेस ने कहा है कि उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं लेकिन राज्य में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामले राज्य में चुनाव से भी बड़ा मुद्दा है और इसी के मद्देनजर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 17 जुलाई को देहरादून पहुंचकर छात्रों की आवाज बुलंद करेंगे. कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर लिखा कि देश में नीट प्रश्नपत्र लीक और सीबीएसई परीक्षा में गड़बड़ियां युवाओं के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दे हैं. उत्तराखंड भी लगातार पेपर लीक की घटनाओं के कारण चर्चा में रहा है और वहां बड़े स्तर पर पेपरलीक हो रहे हैं.

टीएमसी के 15 बैंक खाते किए फ्रीज

■ अब हाईकोर्ट में 13 जुलाई को होगी अगली सुनवाई ■ ममता बनर्जी की बढ़ीं मुश्किलें

1000 करोड़ रुपए पर लगी रोक

कोलकाता, 10 जुलाई. पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के बैंक खातों को लेकर कानूनी मामला लगातार बढ़ता जा रहा है. ईडी की कार्रवाई के बाद अब पार्टी से जुड़े तीन बैंक खातों को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में नई याचिका दायर की गई है.

इन तीन खातों में करीब 440 करोड़ रुपये जमा होने की जानकारी सामने आई है. मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई को होगी. यह पूरा मामला राज्य पुलिस और ईडी की अलग-अलग जांच से जुड़ा हुआ है. शुरुआत में राज्य पुलिस के निर्देश पर निजी बैंक में मौजूद इन खातों से धन निकासी पर रोक लगाई गई थी. इसके बाद ईडी ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत इन खातों को पूरी तरह फ्रीज कर दिया.

इससे पहले संबंधित पक्ष ने राज्य पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया था. जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने खातों के इस्तेमाल की सीमित और सशर्त अनुमति दी थी. हालांकि, इसके बाद ईडी की ओर से खातों को फ्रीज किए जाने के बाद मामला दोबारा अदालत पहुंच गया. ईडी की कार्रवाई के खिलाफ संबंधित गुट ने जस्टिस कृष्ण राव की एकल पीठ में नई याचिका दाखिल की.

अदालत ने याचिका स्वीकार कर ली है और अब 13 जुलाई को सुनवाई होगी. इस सुनवाई में खातों पर लगी रोक और आगे की प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकती है. शुक्रवार को पश्चिम बंगाल पुलिस के निर्देश पर पार्टी के 12 अन्य बैंक खातों से भी निकासी पर रोक लगाए जाने की जानकारी सामने आई. सूत्रों के अनुसार, इन खातों में 550 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है. तीन पहले से फ्रीज खातों और 12 नए खातों को मिलाकर अब कुल 15 बैंक खाते जांच के दायरे में हैं.

हस्तियों के ट्वीट

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मिडिया पर एक पोस्ट साझा करते हे लिखा कि पिछले कुछ हफ्तों का घटनाक्रम दर्शाता है कि राम मंदिर में डकैती करने वाले महापापियों को मोदी सरकार बचाने में लगी है.

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही सोशल पर एक पोस्ट साझा करते हे लिखा कि जिस विचारधारा का देश के स्वाधीनता संग्राम से कोई सरोकार नहीं रहा, जिसने आजादी की लड़ाई में हथियार तो क्या एक तिनका तक नहीं उठाया, वो आज सत्ता के अहंकार में आकर इतिहास की किताबों को तोड़ मरोड़ रही है.

सद्भाव बने स्थिरता का मूल मंत्र

- भूपेंद्र यादव ने मानव-वन्यजीव संघर्ष पर जताई चिंता

नई दिल्ली, 10 जुलाई. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मानव-वन्यजीव संघर्ष उत्कृष्टता केंद्र और मानव-वन्यजीव संघर्ष पर राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत करते हुए मानव-वन्यजीव के बीच संघर्ष की बजाय सह-अस्तित्व और सद्भाव की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि यही पारिस्थितिकीय स्थिरता का मूल मंत्र होना चाहिए. श्री यादव ने शुक्रवार को कोयंबटूर में भारतीय वन्यजीव संस्थान-सालिम अली पक्षी विज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केंद्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि पर्यावास के विखंडन, भूमि उपयोग में बदलाव और चुनौतियों में शामिल हो गया है.

शिलान्यास | मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने 85 .54 करोड़ की 22 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

जय श्रीराम का नारा लगाने वालों को जेल भेजा जाता था

बस्ती, 10 जुलाई. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सपा सरकार के दौरान जय श्रीराम का नारा लगाने वालों को जेल भेजा जाता था तथा 84 कोसी परिक्रमा और कांवड़ यात्रा पर प्रतिबंध लगाया जाता था जबकि आज सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए उत्सुक दिखाई देते हैं.

मुख्यमंत्री हर्रैया तहसील स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने हर्रैया विधानसभा क्षेत्र में 85.54 करोड़ रुपये की 22 परियोजनाओं का शिलान्यास, 275.76 करोड़ रुपये की 30 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र में 62.08 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं का शिलान्यास और 80.96 करोड़ रुपये की 17 पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया. उन्होंने कहा कि बस्ती तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है, जबकि सपा सरकार में दंगे होते थे और सुरक्षा व्यवस्था में लगातार सेंध लगती थी. उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय बहन-बेटियां और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे, जबकि डबल इंजन सरकार में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराधियों में भय का वातावरण है. मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उन घटनाओं के लिए माफी मांगनी चाहिए, जिनमें हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़ाने का प्रयास किया गया था. उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न धार्मिक स्थलों पर उत्पन्न विवादों के पीछे भी सपाई मानसिकता जिम्मेदार रही है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित बस्ती की दिशा में तेजी से काम हो रहा है. पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में न तो बड़े दंगे हुए हैं और न ही व्यापारियों के खिलाफ अपराध की घटनाएं पहले जैसी स्थिति में हैं.

सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाएंगे आगे : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने दावा किया कि राम मंदिर निर्माण से सपा के लोग आहत हैं, जबकि प्रदेश की सरकार विकास और सांस्कृतिक विरासत दोनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है. मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार के दौरान बस्ती के लोग बिजली की तारों पर कपड़े सुखाते थे और बिजली केवल सैफई तक सीमित रहती थी. विकास के धन का उपयोग सैफई महोत्सव में किया जाता था और रामभक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं. उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पीड़ित हिंदुओं से अखिलेश यादव माफी मांगें. उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु सरयू का जल लेकर बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हैं. बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर के साथ कर्ण मंदिर का भी विकास कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि विकास के प्रति प्रतिबद्ध होते हैं, तभी क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो पाता है.

12% से ज्यादा अल्कोहल वाली दवाएं बिना पर्चे नहीं

नई दिल्ली 10 जुलाई. केंद्र सरकार ने 12 प्रतिशत से अधिक एथिल अल्कोहल वाली कुछ पीने की दवाओं की बिक्री को लेकर नए नियम लागू किए हैं. ड्रग्स रूल्स, 1945 में संशोधन के बाद ऐसी दवाओं को अब शेड्यूल एच1 श्रेणी में शामिल कर दिया गया है. नए नियमों के तहत अब इन दवाओं की खरीद और बिक्री केवल रजिस्टर्ड डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर ही की जा सकेगी. यह नियम उन पीने वाली दवाओं पर लागू होगा जिनमें एथिल अल्कोहल की मात्रा 12 प्रतिशत से अधिक है और जिन्हें 30 मिलीलीटर से बड़ी बोतलों में बेचा जाता है. सरकार के अनुसार यह कदम दवाओं के दुरुपयोग को रोकने और उनकी बिक्री पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है.

प्रथम पृष्ठ का शेष

एंटी इंकमबेंसी का खतरा इसलिए बदला चेहरा

ये अटकलें आज शाम उस वक्त हकीकत में बदल गईं जब पार्टी ने दतिया की सियासत पर करीब डेढ़ दशक तक एकछत्र राज करने वाले अपने स्थापित चेहरे नरोत्तम मिश्रा को विश्राम देते हुए आशुतोष तिवारी के नाम पर दांव खेलना ज्यादा मुनासिब समझा. आशुतोष तिवारी को चुनाव मैदान में उतारे जाने की पृष्ठभूमि में कई फैक्टर हैं. मसलन, वे संघ के प्रचारक रहने के बाद भाजपा में आए हैं. सरल सहज और सर्व उपलब्ध छवि रखते हैं. ग्वालियर में भाजपा के संभागीय संगठन मंत्री रहे हैं. हालांकि अब यह पद समाप्त हो चुका है लेकिन संगठन मंत्री संघ के प्रतिनिधि के रूप में पार्टी पर नियंत्रण और दिशा निर्देशन की अहम जिम्मेदारी निभाता रहा है. संघ के एजेंडा पर पार्टी किस तरह आगे बढ़े, यह तय करना संभागीय संगठन मंत्री का ही दायित्व होता है. ग्वालियर चंबल में इस कसौटी पर आशुतोष तिवारी खरे साबित हुए थे और तभी से संघ की नजरों में चढ़े हुए थे. तत्कालीन शिवराज सरकार के कार्यकाल में आशुतोष एमपी हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन भी रहे और अन्य निगम बोर्ड अध्यक्षों की तुलना में उनका रिपोर्ट कार्ड बेहतर माना गया था. इस बात में कोई शक नहीं कि कभी कांग्रेस और कभी सपा के कब्जे में रहने वाली दतिया सीट को डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने अपनी पंद्रह साल की विधायकी में भाजपा की पारम्परिक सीट बना दिया था लेकिन 2023 में बुंदेलखंड की इस सीट पर उनका जादू उतर गया और उन्हें कांग्रेस के राजेन्द्र भारती के मुकाबले शिकस्त मिली. बहरहाल, भाजपा दतिया के मामले में कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं है, यही वजह है कि पार्टी ने नरोत्तम को ड्रॉप कर बिल्कुल नए चेहरे पर यकीन किया है. दतिया जिले की भांडेर तहसील के ग्राम पिपरौआ के निवासी आशुतोष ऐन मौके पर टिकट से वंचित किए गए अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता की पारम्परिक सीट पर पार्टी को चुनावी वैतरणी किस तरह पार लगाएंगे, इसका पता तीन अगस्त को ही लगेगा जब ईवीएम खुलेंगी.